ascertain whether the member has the leave of the House. The Chair shall declare that since the mover has not pressed the motion, it shall be deemed to have been withdrawn by the leave of the House.

12.57 hrs.

PAPERS LAID ON THE TABLE

ANNUAL REPORT OF REHABILITATION INDUSTRIES CORPORATION, CALCUTTA

The Minister of State in the Ministry of Labour, Employment and Rehabilitation (SHRI L. N. Mishra): I beg to lay on the Table a copy of the Annual Report of the Rehabilitation Industries Corporation Limited, Calcutta, for the year 1965-66 along with the Audited Accounts and the comments of the Comptroller and Auditor General thereon, under sub-clause (1) of section 619A of the Companies Act, 1956 [*Placed in Library. See No* LT-990/67].

REPORT OF COMMISSION OF INQUIRY re COLLAPSE OF THREE HOUSES IN DELHI

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla): I beg to lay on the Table a copy of the Report of the Commission of Inquiry into the causes of collapse of three houses in Delhi on the 15th August, 1966. [Placed in Library. See No LT-991/67].

Shri S. M. Banerjee (Kanpur): Sir, on this subject, regarding the report of the Commission of Inquiry into the causes of collapse of three houses in Delhi, I would like to point out that whenever such a report is laid on the Table, the action taken on the Commission's report should also be let known to the House. I would like to know from the hon. Minister whether any action has been taken in this case, or, is it still under consideration.

Shri Vidya Charan Shukla: Action is under consideration, and we are in consultation with the Delhi Administration; after the action is completed, we shall definitely come before the House and report.

COMMITTEE ON PRIVATE MEMBERS' BILLS AND RESOLUTIONS
EIGHTH REPORT

Shri Khadilkar (Khed): I beg to present the Eighth Report of the Committee on Private Members' Bills and Resolutions.

12.57½ hrs.

DEMANDS FOR GRANTS—*Contd.*

MINISTRY OF FOOD, AGRICULTURE, COMMUNITY DEVELOPMENT AND CO-OPERATION—*contd.*

Mr. Speaker: Yesterday, we had taken 1 hour 35 minutes on the Demands for Grants under this Ministry. There is a balance of 8 hours 25 minutes. There are only one or two minutes more for the House to adjourn. So, instead of beginning the debate now, we shall begin it after lunch.

12.58 hrs.

The Lok Sabha then adjourned for Lunch till Fourteen of the Clock.

The Lok Sabha re-assembled after lunch at Four Minutes Past, Fourteen of the Clock.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

DEMAND FOR GRANTS—*contd.*

MINISTRY OF FOOD, AGRICULTURE, COMMUNITY DEVELOPMENT AND CO-OPERATION—*contd.*

श्री भोला नाथ (अलवर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं फूड एंड एग्रिकल्चर मंत्रालय की जो मांग है उन का समर्थन करने के लिये खड़ा हुआ हूं ।

[श्री भोला नाथ]

इस सिलसिले में जिक्र करते हुए मैं आप का ध्यान अब के प्लैनिंग का जमाना शुरू हुआ उस की ओर ले जाना चाहता हूं। इस में कोई शक नहीं कि आजादी से पहले भी हिन्दुस्तान में कल्पना की गई थी कि हिन्दुस्तान की अकाल की प्लैनिंग हो और उस समय पं० जवाहर लाल नेहरू कांग्रेस की तरफ से उस प्लैनिंग कमेटी के चेयरमैन थे, और मेरा खयाल यह है कि उसी की भूमिका में जब हिन्दुस्तान आजाद हुआ तो सन् 1950 के बाद यह कल्पना की गई कि हिन्दुस्तान के योजनाबद्ध विकास के सामने रख कर जनता को जागृत किया जाये। लेकिन मैं यह मानता हूं पन्द्रह वर्ष के तजुर्बे के बाद कि हम ने बड़ी भूलें की, और वह भूलें इस प्रकार की हैं जिन का समाधान जल्दी से जल्दी करने की आवश्यकता है। मेरा ख्याल तो यह है कि इमरजेंसी को, जिस को एक्सटेंड किया गया है इस बात के लिये काम में नहीं लाया जाना चाहिये कि हम किसी को सजा दें, बल्कि वह इस काम में लाई जानी चाहिये कि जो फड्स मिनिस्ट्रीज को दिये गए हैं, वह एकदम से फूड ऐंड एग्रिकल्चर मिनिस्ट्री को दिये जायें। कारण यह है कि जो प्लैनिंग का नक्शा हमारे सामने आया है जो कन्से-प्शन हमारे सामने आया है वह बाहरी देशों का है योरपीय देशों का है। योरप में इंड-स्ट्रियल रेवोल्यूशन के बाद ऐसे देशों में तरक्की हुई, मशीनरी की तरक्की हुई जिन के उप-निवेश थे जिन्होंने कालोनाइजेशन किया था। वे अपने देश में सामान बनवाते थे और कच्चा माल बाहर के देशों से लेते थे।

योरप के इंडस्ट्रियल रेवोल्यूशन के बाद जो असली खेती का नक्शा था हिन्दु-स्तान का उसे हम भूल गये। हमारे यहां कहावत है कि :

"उत्तम खेती मध्यम बान
अधम चाकरी भीख निदान।"

लेकिन हिन्दुस्तान के अन्दर इस का उल्टा हुआ है। हम चौथे स्टेज पर पहुंच गये हैं। हम भीख मांगने तक पहुंच गये हैं। हम को सब्सिडी मिलती है। हम पैसे की मदद देते हैं ऐसी स्थिति पैदा हो गई है। तीसरी बात की तरफ भी हम बढ़े हैं जिस को अधम कहा गया है। हम उस की तरफ ध्यान रखते हैं कि ज्यादा से ज्यादा नौकरियां दिलायें। शहरों को भी देखिये गांवों की आबादी शहरों की तरफ चली आ रही है। मिलों और फैक्ट्रियों की नौकरियां बहुत बढ़ गई हैं। नतीजा यह हुआ कि हम घेराव की स्थिति में आ गये हैं। ज्यादा से ज्यादा लोग शहरों में इकट्ठे होने लगे हैं।

आज गवर्नमेंट सर्वेंट्स भी जिन का हम पूरा ध्यान रखते हैं, घेराव की स्थिति में आ गये हैं। आज रेडियो बोल रहा था कि काफी घेराव गवर्नमेंट सर्वेंटस ने किये है। वह डी० ए० की मांग करते हैं। मैं अर्ज करना चाहता हूं कि यह डी० ए० क्या बला है। वह यह बला कि ऐग्रिकल्चर प्रोडक्शन कम होता है और यहां के लोग बैठे हुए हैं वह सब शहरों के हैं और वही के लोगों के साथ सहानुभूति रखते हैं। कभी ऐडजर्नमेंट मोशन लाते हैं, कभी काल अटेंशन नोटिस लाते हैं उन लोगों की पैरवी करने के लिये। मैं पूछना चाहता हूं कि आप किसानों से ही क्यों उम्मीद करते हैं कि वह अपना गेहूं आप को रुपये का 2 सेर बेचे। यह कोई समझ में आने वाली बात नहीं है। न उस को चीनी सस्ती मिलती है और न सीमेंट सस्ता मिलता है न उस को टीन की चद्दरें सस्ती मिलती हैं। कल मैं सुन रहा था कि दुर्गापुर की प्रोडक्शन प्लेन की जो दूसरी स्टेज है उसे कम किया जा रहा है। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि आज जो कारोगेटेड शीट्स गांवों को मिला करती थीं वह बन्द हो गई हैं। किसी काश्त-कार को नहीं मिल रही हैं। वह 3600 रु०

टन हो रही है । कोई चीज काश्तकार को मकान को ठीक करने के लिये नहीं मिल रही है । उन के पास छप्पर बदलने के लिये या मकान ठीक कराने के साधन नहीं है । लेकिन हम लोगों ने योजना इस तरीके से बनाई है कि हैवी इंडस्ट्रीज की तरफ ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है । यह ठीक है कि चीन पाकिस्तान ने हमारी आखें खोल दी हैं । उस का नतीजा यह है हम लोग खेती की तरफ कुछ ध्यान देने लगे हैं । मैं निवेदन करना चाहता हूं कि हम शहरों की तरफ से थोड़ा हट कर फूड ऐंड एग्रिकल्चर की तरफ ध्यान दें ।

अभी कुछ समय पहले श्री हनुमन्तैया भाषण दे रहे थे कि सिर्फ सेंट्रल गवर्नमेंट एम्प्लायीज को डी० ए० देने में गवर्नमेंट ने 53 करोड़ रुपये खर्च किये । अगर इतना ही राज्य सरकारें भी कर दें तो इस का यह मतलब हो गया कि 2 अरब रुपये खर्च हुए अगर इस 2 अरब रुपये को काश्तकारों को बांट दिया जाता तो हम देखते कि क्या स्थिति बनती है । मेरे पास खाद्य और कृषि मंत्रालय की रिपोर्ट है । उस में लिखा है कि दो लाख कुएं बनाये गये । मैं इस पर विश्वास नहीं करता हूं । मैं राजस्थान से आया हूं । राजस्थान में जैसलमेर का जो इलाका है उस में लगभग दस इंच साल में बारिश होती है । मैं इसको भी अच्छी तरह से जानता हूं कि जहां छोटे भी बांध बांध दिये गये हैं वहां अगर दस इंच भी साल में बारिश होती है तो उस इलाके में गेहूं पैदा होता है जिस को खड़ील कहते हैं । मेरे इलाके में पच्चीस इंच से ज्यादा साल में बारिश नहीं होती है । मैं खुद काश्तकार हूं, गेहूं पैदा करता हूं । मैंने इस ड्राउट में, विद-ड्राउट इरिगेशन और ड्राई कल्टीवेशन में करीब नौ सौ मन गेहूं पैदा किया है । क्या वजह है कि हम तरक्की ज्यादा नहीं कर पा रहे हैं । वजह यह है कि मदद हम को नहीं मिलती है, पानी को रोकने के लिए मदद नहीं दी जाती है । मेरे खेत में भी एक भी कुआं नहीं है और न ही बिजली पहुंच पाई है ।

यह कहा जाता है कि दो हजार आबादी वाले जो कसबे हैं या चार हजार आबादी वाले जो कसबे हैं उन में बिजली पहुंच गई है । यह गलत बात है । मैं जानता हूं कि पांच पांच और सात सात हजार आबादी वाले कसबों तक में बिजली नहीं पहुंची है । काश्तकारों के साथ बिजली के मामले में भी बहुत बड़ा मजाक किया जाता है । मैंने इसके बारे में के० एल० राव साहब को भी कहा है और मैं कमेटी में भी हूं और मैं आपको बतलाना चाहता हूं कि काश्तकारों को कहा जाता है कि रात को बिजली लो । अब आप देखें कि जनवरी और फरवरी के महीने में उनको रात के समय बिजली दीजाती है । यह वह समय होता है जबकि कोई रात में बाहर जाना पसन्द नहीं करता है । गवर्नमेंट सर्वेंट्स को आप तरक्की दे रहे हैं, डी० ए० दे रहे हैं, उनके लिये आराम के रास्ते आपने हीटर लगा दिये हैं लेकिन काश्तकार से आप कहते हैं कि खेती के लिए वह रात को बिजली ले, जनवरी महीने में रात में बिजली ले और अपने खेतों में पानी दे । आप जानते ही हैं कि खेती खुए से होती है और खेती करने के लिए क्यारियां बनाई जाती है । जब एक क्यारी बन जाती है तो उसकी मदद से दूसरी क्यारी में पानी दिया जाता है । ऐसा करने के लिए काश्तकार को रात भर खेत में खड़े रहना पड़ता है अगर वह बिजली ले तो ।

मैं आपको चुनाव के दिनों का अपना अनुभव बतलाना चाहता हूं । जब मैं लोगों से वोट मांगने के लिए चुनाव के दिनों में गया तो सब से पहले वे यह कहने लगे कि हमारा इलाज करो तब वोट लेने आओ । हमारे यहां पहले डाक्टर भेजो फिर वोट लो क्योंकि हमारे बच्चे तो निमूनिये से मर रहे हैं और यहां कोई डाक्टरी सुविधायें उपलब्ध नहीं हैं । इसी तरह से खेती की सहूलियतों के लिए उन्होंने मुझ से शिकायतें कीं कलक्टर लोग, गवर्नमेंट सर्वेंट आदि जो

[श्री भोला नाथ]

होटलों का दिन रात इस्तेमाल कर रहे हैं और पार्लियामेंट में भी इसका इन्तजाम है और जो मैंने अभी तक इनका इस्तेमाल नहीं किया है लेकिन मुझे मालूम है कि मेम्बर्ज के लिए भी यह सुविधा उपलब्ध है लेकिन यह कैसा मजाक है कि काश्तकार को जनवरी और फरवरी के महीने में कहा जाता है कि वह रात को बिजली ले और उसका इस्तेमाल करे। डा० राव ने मेहरबानी करके मुझे इसका उत्तर यह दिया है कि यह हमेशा का फीचर नहीं है। लेकिन मैं पूछना चाहता हूं कि काश्तकार को रात में बिजली देने का कौन सा तरीका है? इस बात को आप हमें समझायें। इंडस्ट्री के लिये आप बिजली रात को दे सकते हैं, दफ्तरों के लिए रात को दे सकते हैं, आप क्यों काश्तकार को जाड़ों में रात में खड़े कर मारना चाहते हैं। यह उसके साथ मजाक है। इसको आप ठीक करने की कोशिश करें।

प्लानिंग का जो नक्शा मैंने आपके सामने पेश किया है उसको आप एक दम उलटा कर दीजिये खेती को उत्तम समझना आप शुरू कर दीजिये। इसको आप प्रथम स्थान दीजिये। ऐसा करने की आप मे हिम्मत है या नहीं है यह देखने वाली बात है। पार्लिमेंट सुप्रीम है और वह चाहे तो इस बजट को इस दृष्टि से देख कर इस में आमूलचूल परिवर्तन ला सकती है। मैं चाहता हूं कि इसको आप देखें और आपका जो दृष्टिकोण है वह काश्तकार की तरफ ज्यादा होना चाहिये।

आज हम घेराव और पथराव की स्थित में हैं। पथराव तो जन संघ ने शुरू किया है और घराव की कम्युनिस्टों ने शुरू किया है। अब एक और घेराव होने वाला है। आपको यह राय दी जाती है कि लेवी वसूल करो, प्रोक्योरमेंट करो। किस लिए इसको किया जाय? यह कहा जाता है कि इंडस्ट्रियल लेबर को खिलाने के लिए इसको किया जाए। जाहिर बात है कि एक तरफ तो वे इंडस्ट्रियल लेबर की बात करते हैं और दूसरी तरफ जब लेवी वसूल की जाती है तो फिर नाराज हो जाते हैं और काश्तकार को भड़काते हैं कि लेवी मत दो। हम जानते हैं कि राजस्थान में जब लेवी वसूल करने की बात चली थी तो वहां पर गोलियां चली थीं। यह आसान बात नहीं है। एक मामली काश्तकार से कितना आप लेना चाहते हैं और उसके पास कितनी भूमि है यह भी आपको देखना होता है।

मेरा ख्याल है कि हर पचास व्यक्तियों के पीछे एक कुंए की योजना बनाई जा सकती है। एक एक कुआं अगर आप दे दे तो फिर झगड़ा खत्म हो जाएगा। इसके साथ ही एक और अकलमन्दी की बात यह कर दें कि ऊपर एक छोटा सा बांध बाध दे तो और भी अच्छा होगा। इसका लाभ यह होगा कि हमेशा वाटर लेवेल ऊपर रहेगा और काश्तकार के लिए यह पैरेनियल सोर्स आफ वाटर सप्लाई होगा। यह बहुत बड़ी बात नहीं है। आपने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि दो लाख कुएं आपने बनाये हैं। मैंने इसको फैला कर देखा है। 1965 मे आपने करीब 7.45 मिलियन टन अनाज बाहर से मंगाया है। अब इसको ले कर मैं राजस्थान के एवरेज से चलना चाहता हूं। दस टन एक कुएं से आसानी से अनाज पैदा किया जा सकता है। यह 270 मन के करीब होता है। हम 27 मन एक एकड़ में पैदा कर सकते हैं। अस्सी बीघे में भी नौ सौ मन पैदा किया जा सकता है। आप कहते हैं कि दो लाख कुएं आपने बनाये हैं। मैं चाहता हूं कि इसी तरह से आठ लाख कुएं आप बना दीजिये और आप देखें कि अस्सी लाख टन की जो कमी है वह सिर्फ चार लाख कुओं से पूरी हो जाएगी। काश्तकार आप से कुएं मांगता है तो कोई मेहरबानी आप से वह नहीं चाहता

है। वह चाहता है कि उसको तकावी में रुपया दे दिया जाए। सरकारी कर्मचारियों को आप देते हैं मकान बनाने के लिए और तब से आप इस लोन को तीस साल में वसूल करते हैं। इसी तरह से आप किसान को तकावी दें और एक लम्बी अवधि में इसको वसूल करें तो आप देखेंगे कि किस तरह से पैदावार बढ़ती है। मकान बनाने के लिए शहर वालों को जो कर्जा दिया जाता है उसको तीस साल में वसूल किया जाता है। मैं भी एक कोआपरेटिव बैंक का चेयरमैन हूं कंज्यूमर स्टोर का भी हूं। शहरों की जो हालत है उससे मैं भी वाकिफ हूं। आप जो शार्ट टर्म लोन किसान को देते हैं उसको उसे जुलाई अगस्त में देते हैं और मार्च में जल्दी से जल्दी फसल के मौके पर वसूल करना चाहते हैं छः महीने में उसको आप वसूल करना चाहते हैं। मीडियम टर्म का जो लोन है उसको आप दो ढाई साल मे वसूल करना चाहते हैं। जो लोग टर्म लोन है उसको आप सात आठ साल मे वसूल करना चाहते हैं। शहरी लोगों से मकान बनाने के लिए दिए गये कर्ज को तो आप तीस साल में वसूल करते हैं लेकिन इन से लाग टर्म लोन तक को सात आठ साल में वसूल करना चाहते हैं इस तरह से कैसे खेती की तरक्की हो सकती है। अगर आप चार पांच अरब रुपया कुएं बनाने के लिए दे दें तो किसान की परमानेंट इनकम भी बढ़ जाएगी और उसकी हैसियत भी बढ जाएगी।

लैंड रिफार्म की बात भी की जाती है। लैंड रिफार्म की बात बहुत आसान बात है। हमने राजस्थान में इसको करके देखा है। जमींदारों और जागीरदारों से जो जमीन हम लेना चाहते थे तब हमने दो बातें कीं। सब से पहले यह कहा कि बेदखली न हो। आप भी आर्डिनेंस पास कर सकते हैं कानून पास कर सकते हैं कि जो काश्तकार बैठा हुआ है उसे बेदखल न किया जाए। दूसरी बात हमने वहां यह की कि रैक रैंटिंग न हो लगान न बढ़ाया जाए। जैसे शहरों में होता है कि मकान और दूकान का किराया नहीं बढ़ाया जा सकता है उसी तरह से काश्तकार के केस में रैक रैंटिग न हो। सिक्योरिटी आफ टैन्यार हो। इसके साथ ही साथ तीसरी बात यह की जा सकती है कि कुएं के लिए उसको तकावी दी जाए। यह तकावी ज्यादा नहीं होगी। मैंने कैलकुलेट किया है। दो लाख कुओं के लिए पांच हजार के हिसाब से एक अरब के करीब यह होती हैं। एक अरब कोई बडी बात नहीं है।

आप लोग यह पूछते हैं कि यह सकार कैसी है जो हर रोज टैक्स लगाती जाती है खर्च बढ़ाती जाती है। राजाओं का जब राज्य था तब रेवेन्यू और कस्टम्ज से वे काम चला लेते थे। लेकिन आज तो रोजाना तनख्वाहें बढ़ रही हैं पटवारियों की मास्टरों की क्लर्कों की बाबुओं की रोजना बढ़ रही हैं। साथ ही रिटायरमेंट की एज को 58 से घटा कर 55 किया जा रहा है और इस लिए किया जा रहा है कि नीचे के जो लोग हैं उनको तरक्की मिल सके। इस तरह से जो एक्सपेंडीचर है उसको आप बढ़ाते चले जा रहे हैं। काश्तकार पूछता है कि वह क्या करें? उसका लगान बढ़ा दिया गया है वह कहा से पैसा लाये। आप ने 2600 या 2700 करोड के नोट छापे हुए हैं। यह आपकी रिपोर्ट मे है। 1965 की रिपोर्ट में है। उस में से आधा रुपया आप को चाहिये कि आप काश्तकारों के लिए एलाट कर दें उन के लिए रिजर्व कर दें। तब भी आप देखेंगे कि पैदावार बढ़ती है या नहीं बढ़ती है।

प्लानिंग का जो नक्शा है उसको आप एग्रिकलचर ओरियेंटिड बनायें, जउ से आप क्रान्तिकारी परिवर्तन करे। मुम्किन है कि आप पर आज जोर पड़ रहा हो। लेकिन मैं साफ कहना चाहता हूं कि डांगे साहब का मुझ पर यह प्रभाव पड़ा है उन के द्वारा दिये गये भाषण का मुझ पर यह प्रभाव पड़ा है जब वह सोशलिस्टिक सोसाइटी की बात कर रहे थे तो उसका

[श्री भोला नाथ]

मुझ पर यह प्रभाव पड़ा है कि वह मार्क्सिस्ट सोसाइटी चाहते हैं। एक बार की बात है जिस तरह से बिहार मे प्रकाल पड़ा है और इस तंगी की वजह से लाल बहादुर जी ने जय किसान जय जवान का नारा लगाया था रूस में भी प्रकाल पड़ा था और तब वहां गोरकी ने भूख हड़ताल की थी। लेनिन ने तब उन से कहा था कि क्यू भूख हड़ताल कर रहे हो जब तक लोग भूखों नही मरेंगे तब तक क्रान्ति नही होगी। इसलिए आप इस व्रत को छोड़ दो और क्रान्ति लाओ। हमारे डांगे जी भी चाहते हैं कि लोग ज्यादा से ज्यादा भूखों मरें और यहा क्रान्ति हो। वह सारे रुपये को खेती से हटा कर इडस्ट्री की तरफ ले जाना चाहते हैं शहरों की तरफ से जाना चाहते हैं और जब ऐसा हो जाएगा तो फिर घेराव और पथराव करवाना चाहते हैं और सरकार को घेराव में डालना चाहते हैं। इन सब से बचने का रास्ता यह है कि आप क्रान्तिकारी दृष्टिकोण अपनायें और खेती पर चौथी योजना मे ज्यादा से ज्यादा ध्यान दे।

मैं यह भी कहना चाहता हूं कि सिमेंट आप कुएं बनाने के लिए और खेती के काम के लिए दें। रत्ती भर सिमेंट भी आप बड़ी बड़ी दस बीस मंजिली इमारतों के लिए न दें। आपको यह पता होगा कि सिविल का कोटा सिमेंट का सत्तर परसेंट है और एग्रिकल्चर का शायद तीस परसेंट है। जो किसान है उसको सिमेंट समय पर नही मिलता है तो उसको तकावी भी समय पर नही मिलती है और अगर तकावी नही मिलती है तो सिमेंट भी नहीं मिलता है। इस वास्ते इन दोनों की तरफ आपका ध्यान जाना चाहिये। तकावी और सिमेंट उसको समय पर मिलना चाहिये। इन सब बातों पर आपका ध्यान जाए यही मेरा निवेदन है

Shri N. R. Patil (Bhir): *Spoke in Marathi**.

श्री राम किशन (होशियारपुर) : इस में कोई शक नही है कि जब से यह फूड और एग्रीकल्चर के विभाग को बाबू जगजीवन राम जी ने संभाला है उन्होंने काफी प्राग्रसिव स्टेप्स लिए हैं। लेकिन इस देश के इतिहास मे जितनी इस वक्त गम्भीर स्थिति फूड और एग्रीकल्चर की हो गई है इतनी शायद कभी देखने में नहीं आई अभी जो रिपोर्ट शाया हुई है डिप्टी स्पीकर साहब उस को देखने से पता चलता है कि पिछले एक साल मे इस सारे देश ने जितना रुपया एक्सपोर्ट से कमाया था उतने रुपये का हमने फूड ग्रेन्स का इम्पोर्ट किया है। इस पिछले एक साल में कोई 523 31 करोड़ रुपया हमारा फूड ग्रेन्स के इम्पोर्ट के ऊपर खर्च हुआ है। पिछले 20 साल में इतना रुपया कभी इस फूड की इम्पोर्ट पर खर्च नही हुआ। सिर्फ यही नही बल्कि इस के अन्दर हम ने 105 64 करोड़ रुपया सिर्फ फ्रेट चार्जेज के ऊपर खर्च किया है। इस के माने यह है कि अगर एक रुपये का अनाज मगाते है तो उस के लिए 28 नये पैसे जहाज का किराया देना पड़ता है। इस से पता चलता है कि कितनी गम्भीर स्थिति आज देश के सामने इस फूड के मामले में है।

एक और चीज जिस की तरफ मैं हाउस का और आप का ध्यान दिलाना चाहता हू डिप्टी स्पीकर साहब, यह है कि इस सारे देश के अन्दर पिछले एक साल के अन्दर जहा हमने 10.36 मिलियन टन्स खुराक बाहर से मंगवाई है उस के मुकाबिले मे हमारे सारे देश के अन्दर प्रोक्योरमेंट कितना हुआ है ? प्रोक्योरमेंट के लिहाज से देखें तो हिन्दुस्तान की आजादी के समय से लेकर

*The Member did not furnish a translation of his speech in Hindi or English.

47 से ले कर इस वक्त तक पिछले 20 साल के अन्दर हम ने पांच फूड ग्रेन एन्क्वायरी और फूड ग्रेन पालिसी कमेटी बिठाई । एक कमेटी प्रीइंडिपेंडेंस डेज में बंगाल का कहत जब पड़ा था तब बिठायी थी और चार उस के बाद बिठायी हैं पिछले 22-24 साल के अन्दर प्री-इंडिपेंडेंस से लेकर इस वक्त तक । सिर्फ ब्रिटिश राज के जमाने में 42-43 के बाद एक बार कोई 5 मिलियन टन प्रोक्योरमेंट हुआ था उसस के बाद 64 के अन्दर जो हमारा सब से अच्छा साल आया था उस के अन्दर 4 मिलियन टन्स प्रोक्योरमेंट हुआ । लेकिन वह भी सारे का सारा 65-66 में खत्म हो गया । तो प्रोक्योरमेंट के लिहाज से सब से पीछ हैं । और यह जो नया साल शुरू हुआ इस के पहले क्वार्टर मे 22 लाख टन का इम्पोर्ट हम ने किया । जहा तक स्टेट्स का ताल्लुक है सारे देश के अन्दर इस वक्त तक कुल 27 लाख टन सारे का सारा प्रोक्योरमेंट हुआ है । तो प्रोक्योरमेंट के लिहाज से हिन्दुस्तान पीछ जा रहा है । इम्पोर्ट के लिहाज से हम आगे बढ रहे हैं । अगर हमारी यही हालत रहती है तो हिन्दुस्तान की एकोनामी की क्या हालत होगी ? मुझे इस बात की हैरानी होती है कि जितने भी अपोजीशन बेचेज पर हमारे दोस्त बैठे हैं हरएक आदमी यहा आ कर गवर्नमेंट आफ इंडिया को इस के लिए कोसता है । लेकिन किसी ने इस बात की तरफ ध्यान नही दिया है । इस बार अभी थोड़ दिन हुए जबकि यू० पी० के चीफ मिनिस्टर चौधरी चरण सिंह ने स्टेटमेंट दिया था और उन्होंने यह कहा था कि इस बार यू० पी० के अन्दर जितना बम्पर काप हुआ है उतना पिछले 18 साल के अन्दर नहीं हुआ है । 45 लाख टन अनाज वहां हुआ 33 लाख के मुकाबिले में । 12 लाख टन ज्यादा हुआ । लेकिन प्रोक्योरमेंट उस के मुकाबिले में कितना हुआ है ? पंजाब के अन्दर इस बार इतना बम्पर काप हुआ जिस की कोई हद नहीं है लेकिन उस के मुकाबिले में इस वक्त तक कितना प्रोक्योरमेंट हुआ है ? 2.5 लाख टन सारा प्रक्योरमेंट हुआ है । सी तरह बाकी जगह आप देखें । नान-कांग्रेस गवर्नमेंटस हैं या दूसरी हैं, प्रोक्योरमेंट उस के मुताबिक ठीक नही हो रही है । एक्सपोर्ट में सारा रुपया जा रहा है कहीं फ्रेट चार्जीज के अन्दर और कही दूसरी चीजों खुराक खरीदने में जा रहा है । तो हिन्दुस्तान की एकोनामी जिन हालात में है उस में हम क्या कर सकेंगे कुछ कहा नही जा सकता । और सिर्फ यही नही जो मैं केवल दो प्रान्तो की बात कर रहा था यह जो व्हीट जोन है नार्दर्न जोन का अगर हम पिछले तीन चार साल का सारा देखें 64-65 और 65-66 के मुकाबले में इस बार मार्केट के अन्दर व्हीट 14 परसेंट कम आया है । राइस 7 परसेंट कम आया है । इस के मानी यह हैं कि अनाज मोजूद है लेकिन किसी जगह छिया पडा है । होर्डर्स के पास छिपा पड़ा है, जमीनदार के पास छिपा पडा है या ट्रेडर्स के पास छिपा पड़ा है किस जगह छिपा पडा है मैं नही जानता । लेकिन एक बात साफ है कि बम्पर काप होने के बावजूद अनाज मोजूद होने के बावजूद वह मार्केट में नही आ रहा है और हमारे हिन्दुस्तान के सारे नेशनल एग्जिस्टेंस को एक चैलेंज सा हो रहा है । हमारी एकोनामी को एक चैलेज मिल रहा है । मालूम नही हम किस हद तक उस को एक्ससेप्ट कर पाते हैं और मुकाबला कर पाते हैं । इस के मुकाबिले में गवर्नमेंट आफ इंडिया का जहा तक ताल्लुक है सब्सिडी बढ़ रही है । 119 करोड़ रुपये से 130 करोड़ रुपये तक सब्सिडी आ गई है एक साल अन्दर । इस तरह कब तक यह चलेगा ? इसलिये डिप्टी स्पीकर साहब आप के मार्फत मैं अपने मिनिस्टर साहब से और हाउस से कहना चाहता हूं कि वक्त आ गया है कि इस सवाल को हम एक नेशनल प्वाइंट आफ व्यू से देखें । इसे प्राविंशियल प्वाइंट आफ व्यू से या दूसरे किसी प्वाइंट आफ व्यू से न देखें । पिछले सात आठ साल के अन्दर जितनी चीफ मिनिस्टरों

[श्री राम किशन]

कान्फरेंसेज़ हुई हैं और इस जनरल एलेक्शन के बाद दो चीफ मिनिस्टर्स कान्फरेंस हो चुकी हैं इनमें जितने भी फैसले हुए उन पर कितना अमल हुआ है। अभी मैंने फूड ग्रेन्ज पालिसी कमेटी की बात कही उन के जितने डिसीजन्ज हुए हैं चीफ़ मिनिस्टर्ज के जितने डिसीज्न्ज़ हुए हैं अगर उन में से एक डिसीजन पर भी अमल हो जाता तो शायद हिन्दुस्तान का उस से ज्यादा भला होता।

नवम्बर, 1966 मे चीफ मिनिस्टर्ज की कान्फ्रेन्स हुई, जिसमे उन्होंने फैसला किया कि हम चार सालों के अन्दर 1 करोड़ 20 लाख टन प्रोक्योर कर के हिन्दुस्तान का एक बफर-स्टाक बनायेंगे। अभी 8–9 अप्रल को चीफ मिनिस्टर्ज की कान्फ्रन्स हुई, उस के अन्दर भी कुछ फैसले किये गये–उस मे एक फैसला उन्होंने यह किया कि हम सारी एग्रीकल्चरल प्रोडक्शन को इन्टेंसीफाई करेंगे, माइनर इरिगेशन पर जोर दिया गया। गवर्नमेंट आफ़ इण्डिया ने इस के लिये 120 करोड रुपया दिया लेकिन चीफ मिनिस्टर्ज कान्फ्रन्स की जो हाल की कार्यवाही निकली है उस से पता चलता है कि जहा तक स्टेट्स का ताल्लुक है वह कहते हैं कि हमारे पास रिसोर्सेज नही हैं और जो हिस्सा स्टेट्स को 120 करोड़ रुपये में अदा करना था, वे उस को अदा करने को तैयार नहीं हैं। लैण्ड रेवेन्यू खत्म हो रहा है, प्रक्योरमेन्ट हो नही रहा है, आखिर किस तरह से हम उस के मुताबिक सारी चीजों को कर पायेंगें, समझ में नही आता है। इस लिये, जनाब डिप्टी स्पीकर साहब अब वक्त आ गया है कि हम इन सारी चीजों पर गौर करें कि आखिर हम जा कहां रहे हैं कहां हम को पहुंचना है ?

अब हमारी क्या हालत है ? हमारे यहां जितनी लैंड है, जितनी कल्टीवेशन लैंड हम यूज कर सकते हैं—इस वक्त 43 परसेन्ट लैंड है जिस में हम कल्टीवेशन कर रहे हैं—दुनिया के किसी मुल्क में इतनी धरती मे काश्त नहीं होती है, लेकिन उस के बावजूद भी हालत क्या है। ज्यादा से ज्यादा जमीन हमारे पास है, 6 करोड़ फमिलीज़ का कृषि का काम करती हैं लेकिन उस के मुकाबले जहां तक ईल्ड का ताल्लुक है यह दुनिया में सब से कम है। मैं इस की दो मिसालें आपके सामने पेश करना चाहता हूं—जापान, एक ऐसा देश है, जिसमे ज्यादातर पहाड़ हैं और इसकी वजह से वे अपनी सारी जमीन को काश्त मे नही ला सकते हैं, 16 4 परसेन्ट जमीन को वे काश्त के अण्डर लाये हैं, वहा की सिर्फ 33 परसेन्ट आबादी काश्त करती है, लेकिन डिप्टी स्पीकर साहब, आप यह सुन कर हैरान होंगे कि 16 4 परसेन्ट जमीन पर काश्त करने वाला जापान चावल पदावार मे सब से आगे है, उस की चावल की पदावार दुनिया मे सब से ज्यादा है। सारे जापान के लिये सैल्फ सफिशियेन्ट होने के बावजूद वह सरप्लस मुल्क है।

अमरीका की क्या हालत है। वहां पर एक किसान इतना पदा करता है कि अपने अलावा 25 आदमियों के लिये पूरी तरह से खुराक देता है, तीन आदमी जो विदेश मे हैं उन को फीड करता है और फिर भी बाकी बचाता है। लेकिन हिन्दुस्तान मे 20 साल के बाद यह हालत है कि 7 किसान रात-दिन करने के बावजूद भी 10 आदमियों को फीड नहीं कर सकते हैं।

मैंने जापान का जिक्र किया, लेकिन आप हिन्दुस्तान में देखिये-चाहे पंजाब का सिंचाई का इलाका हो या यू० पी० का तराई का इलाका हो, ये इलाके हमारे यहां सब से ज्यादा चावल पैदा करते हैं, लेकिन इन जापान के मुकाबले तीन गुना ज्यादा पानी इस्तेमाल कर के भी उतना चावल पैदा नहीं कर सके,

जितना जापान हम से एक-तिहाई पानी इस्तेमाल कर के पैदा कर लेता है। इस की वजह क्या है ? हमारे यहां वाटर का यूटिलाइजेशन एफिशियेन्ट नहीं है कम है और पानी का नुक्सान होता है ।

जहां तक खाद का ताल्लुक है, हमारे यहां दुनिया के मुकाबले मे सबसे कम (फी एकड़) इस्तेमाल होती है, अगर हम सारी दुनिया की एव्रेज ले तो दुनिया के मुकाबले मे खाद का इस्तेमाल कर पाते हैं। आदमी के लिहाज से जमीन के लिहाज से टैकनीक के लिहाज से सब कुछ हमारे पास है लेकिन उस के बावजूद भी हालत यह है कि 20 साल मे हमारी हालत मे कोई तरक्की नही हुई, हम नीचे की तरफ हो जा रहे हैं। इस की क्या वजह है ? इस के मायने साफ है कि हमारे यहा कुछ खराबी हैं बुनियादी खराबी है, बेसिक खराबी है, जिसको हम दूर नही कर पाये हैं। एक सब से बडी खराबी यह है कि आज दुनिया के जो बडे बडे मुल्क हैं जापान, कोरिया, अमरीका वगैरह, वे जिन मैथड्स का इस्तेमाल अपने यहा एग्रीकल्चर मे करते हैं, हम उन मैथड्स का इस्तेमाल अपने यहा नही कर पाते हैं। जब तक इस देश मे एग्रीकल्चर के अन्दर तरक्की नही होगी, यह देश आगे नही बढ़ सकेगा। असल बात यह है कि आज की गवर्नमेन्ट को एग्रीकल्चर के मसले को एग्रीकल्चर के तौर पर नहीं, बल्कि इण्डस्ट्री के तौर पर कन्सीडर करना होगा, बल्कि उस को पूरी तरह से इण्डस्ट्रीयलाइज करना होगा, तब जा कर सारा काम चल सकेगा।

जब मैं इस बात का जिक्र करता हू कि अमरीका, जापान या दूसरी एडवान्स्ड कन्ट्रीज ने किस तरह से इस सारे सिलसिले को चलाया है, तो मुझे खुशी है कि आज एग्रीकल्चर की जो नई स्ट्रैटिजी हमारी गवर्नमेन्ट, हमारे फूड मिनिस्टर साहब अपना रही था रही हैं, मैं उन खास-खास चीजों पर भी, जो अमरीका, जापान या दूसरी एडवान्स्ड कन्ट्रीज ने अपने अख्तियार की हैं, तवज्जह देंगे वे हैं—

adoption of machinery and technological inventions in farming,

increasing application of scientfic and technological methods to agriculture;

agricultural education, heavy use of fertilisers;

mechanisation, improved varieties of crops and livestocks, better seeds better irrigation and drainage, better methods of controlling weeds and pests Implementation of research result in forming

अब आपकी मारफत, जनाब डिप्टी स्पीकर साहब, मैं अपने मिनिस्टर साहब से यह अर्ज करना चाहा हू हम ने इस देश के लिये जिस तरह का ध्येय बनाया है, जिस तरह का टारगेट बनाया है कि सन् 1970–71 तक हम इस देश को सेल्फ सफिशियेन्ट बनाना चाहते है, सरकारी आकड़ो के मुताबिक जितनी हमारी प्रोडक्शन है या जितना खाना हम खाते है, उस मे 24 मिलियन टन की एडीशनल जरूरत होगी। इस नई हाई-ब्रेड-वैरायटीज की मदद से 1970–71 तक, जो फैक्ट्स एण्ड फिगर्स दी गई है, उन के मुताबिक 32 5 मिलियन एकड़ जमीन से हमे इन नई वैरायटीज को ले जाना है। अगर हम इस काम को पूरी तरह से सरंजाम दे, तो फिर 24 मिलियन टन ही नही, बल्कि उस के अन्दर 25.5 मिलियन टन हम ज्यादा पैदा कर सकेगे। अब सवाल है कि किस तरह से कर सकते हैं ? इसके लिये तीन-चार शर्तें हैं और इस मिनिस्ट्री को उस चेलेंज को कुबूल कर के उस को करना होगा—सब से जरूरी चीज तो यह है कि जहां तक फर्टिलाइजर का ताल्लुक है, मिनिस्ट्री को देखना होगा कि वह फर्टिलाइजर

[श्री राम किशन]

की पूरी तरह से देने के लिये तयार है या नहीं 1970-71 तक जितने फर्टीलाइजर की जरूरत है, जितना आज हम इस्तेमाल करते हैं उसमें 20 लाख टन नाइट्रोजन की और जरूरत होगी, इसी तरह और भी चीजें जैसे फास्फेट आफ पोटेशियम है इनकी जरूरत होगी, जिसको पूरा करने के लिये 487 करोड़ रुपये की जरूरत पड़ेगी, जिसमें 194 करोड़ रुपया फौरन-एक्सचेन्ज आपको देना पड़ेगा, इन सब का आपको इन्तजाम करना होगा । अगर 1970-71 तक के ध्येय को पूरा करना चाहते हैं तो फिर जहां तक फर्टिलाइजर का ताल्लुक है, देश के किसानों को यकीन दिलाना होगा कि इस अर्से में उन को जितना फर्टीलाइजर चाहिये, वह आप मुहैया करेंगे । अगर आप फर्टिलाजर देने को तैयार नहीं होंगे तो यह सिलसिला चलने वाला नहीं है । इस लिये मैं आशा करता हूं कि आप इस तरफ पूरी तवज्जह देंगे ।

आप 1969 में महात्मा गांधी की सेन्टेनरी मनाने जा रहे हैं । आज जिसकी बदौलत हम यहां पर बैठे हुए हैं उसके मुताबिक फैसला करें कि हम हिन्दुस्तान को सेल्फ-सफिशियेन्ट बनायेंगे और उसके लिए जिन जिन चीजों की जरूरत होगी हम उनको मुहैया करेंगे । जिन चीजों की खास तौर पर आपको जरूरत होगी मैं उन चीजों की तरफ अब आपकी तवज्जह दिलाना चाहता हूं—वे 10-12 चीजें हैं मैं उनकी डिटेल में नहीं जाऊंगा, लेकिन आपसे दरख्वास्त करना चाहता हूं कि आप उन पर पूरी तरह से अमल करें, ताकि हमारा यह सिलसिला तेजी से चल सके—

1. गारण्टीड प्राइस पालिसी आप किसानों को पूरी तरह से यकीन नहीं देते हैं कि आज क्या प्राइस होगी और कल क्या प्राइस होगी । आपको एक गैरन्टीड प्राइस पालिसी एनाउन्स करनी होगी, ताकि किसानों को पता चल जाय कि उन को 1970-71 तक क्या प्राइस मिलेगी ।

2. स्पेशलाइज्ड एक्सटेन्सिव एण्ड टैक्निकल एडीकल्चर सर्विस—इस काम को थोड़ा जोर से करना होगा । सारे एक्सटेन्सिव प्रोग्राम को स्ट्रेन्थन करने के लिए इस पर जोर देना होगा । कम्यूनिटी ब्लाक और ग्राम सेवकों को यह भी मालूम नहीं है कि किसानों को किस तरह का नौलिज देने की जरूरत है, कहां से इन-पुट्स आयेंगे इनकी तरफ खास तवज्जह देकर इनको स्ट्रेन्थन करना होगा ।

3. फर्टिलाइजर—इस के लिये मैंने अभी आपके सामने जिक्र किया है ।

4. एफिशियेन्सी इन यूटिलाइजेशन आफ वाटर—इस के लिये डिटेल में न जाते हुए मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि कैलेफोर्निया ने अपने यहां वाटर सिस्टम का कोड बनाया है उस को आप पूरी तरह से महैलजर रखें और देखें कि एक-एक कतरा पानी का सही तरीके से इस्तेमाल कर सके ।

5. फार्मर्ज ट्रेनिंग

इनके अलावा दो बातें और हैं । आज हमारे देश में जिस तरह से यह अंधा चल रहा है यानी जोन का जो सिस्टम है उस ने भाई से भाई को जुदा कर दिया है । हिमाचल की अजीब हालत है मेरी अपनी कांस्टीच्यूएंसी—होशियारपुर की यह हालत है कि जिन पहाड़ों ने डैम दिये जिन पहाड़ों ने पानी दिया, जिनकी मदद से सिंचाई होती है, लेकिन उनको उस के मुताबिक अनाज नहीं मिलता । सिर्फ यही नहीं मैं आपसे पंजाब का जिक्र करता हूं । नंगल डैमके ऊपर पंजाब गवर्नमेंट ने एक बैरियर लगा दिया है । नंगल डैम के उधर कोई 80 रु० क्विन्टल गेहूं मिलता है लेकिन जहां पर नंगल फैक्ट्री है वहां 150 और 160 रु० क्विन्टल भी गेहूं नहीं मिलता । हिमाचल प्रदेश की भी यही हालत है । इसलिए मैं आपके जरिये से मिनिस्टर साहब

से अर्ज करना चाहता हूं कि वक्त आ गया है जब कि एक नेशनल कमिशन आन फूड सेल्फ-सफिशिएन्सी कायम किया जाय जिस के सदस्य पूरी तरह से एक्सपर्ट्स हों। और एकानमिस्ट्स हों और सब चीजों को देख करके वह तय करे कि फूड जोन्स किसी शक्ल में कायम रखने हैं या नहीं रखने हैं। हिन्दुस्तान की यकजहती इंटेग्रेशन के खयाल से आप इस को देखिये।

आज अजीब हालत हो रही है कि जो 10 परसेन्ट अनाज बाहर से आता है उसकी प्राइस पर हमारा कंट्रोल है लेकिन जो 90 परसेंट अनाज हिन्दुस्तान मे पैदा हो रहा है उसकी प्राइस पर कोई कंट्रोल नहीं है। 1962 में चाइनीज ऐग्रेशन के बाद जो नारा लगाया गया था कि प्राईस-लाइन इज दि लाइफ-लाइन आफ दि नेशन लेट अस होल्ड इट। कहा गई वह प्राइस लाइन जो कि हमारी लाइफ-लाइन थी ? वह और भी बढ़ती जा रही है।

इस लिये मैं आपकी मार्फत मिनिस्टर साहब से अर्ज करूंगा कि अब वक्त आ गया है कि हम इन सारी चीजों पर गौर करे। अगर हमको फूड के अन्दर सेल्फ सफिशिएन्सी हासिल करनी है तो जिन जिन चीजों की जरूरत है किसान को किसान को वह सब चीजें दें। इस देश की इएकानमी को बचायें और देश के भविष्य को भी उज्ज्वल करने की कोशिश करे।

Shri H. P. Chatterjee (Krishnagar): Mr. Deputy-Speaker, Sir, our total import in the third Five Year Plan was to the tune of Rs. 1,033 crores, of which the PL-480 imports were Rs. 849 crores. In 1966 alone, we had imported 10.36 million tons valued at Rs. 523·31 crores, of which PL-480 imports were 80·3 lakh tons valued at Rs. 343·1 crores. We pay 35 dollars for each ton of food that is being shipped from the USA.

Our production in 1964-65 was 89 million tons; 1965-66, 72 million tons; 1966-67, 76 million tons. If there was no drought, we assumed that we would get in 1966-67, 90 million tons. Our requirement at the end of the fourth Five Year Plan is 120 million tons. That is, we shall have to produce six million tons more per annum. But in the case of our agriculture, only a stepmotherly attention is given. The third Five Year Plan laid stress on agriculture, but plan priority is not observed by the States Once they go to the States, the plan priority is shelved and thus the planning papers became only a farce.

In 1964, our national income was Rs. 16,630 crores. We got from agriculture Rs. 7,462 crores, that is, nearly half. Yet, we spent only 10 per cent on agriculture. For agricultural education, we spent Rs. 30 crores as against Rs. 142 crores on technical education. That is also 10 per cent. For research on agriculture we spend very little of science budget. In Australia and New Zealand. 45 per cent of the total science budget is spent on agricultural research. Our community development programme is an American pill that we have swallowed We have imported sahebs into the villages, non-technical men, who know nothing of agriculture. They cannot advise 66 millions of agriculturists spread over 5 6 lakh villages.

What to do? We shall have to produce 120 million tons at the end of the fourth plan. We must go in for intensive cultivation, because we have no land for agriculture It is not my saying. I initiated the discussion on the agriculture budget in 1963 and in his reply on 21st March, 1963, Shri S. K Patil said:

"In India, not now, but for all time, to come, there is no land for agriculture. Even more, if any land is available, I shall rather use it for forests and not for agriculture. If there is total destruction or diminution of forests, agriculture can never make

[Shri H. P. Chatterjee]

any progress. In our country, forests should be somewhere about 50 per cent at least. It has gone down to 20 per cent; sometimes it is 18 to 23 per cent. I do not know what is the correct figure. If there is any possibility of utilising more land for forests, I as Minister of Food and I think even the Minister directly in charge of forests, Dr. Ram Subhag Singh—we are of the opinion that more land should be given to forests in order to stabilise the condition of agriculture and no land should be taken away."

Profession and practice are different. Taking 1950 as the base year with 100, we find that cultivated land has gradually gone up in 1963-64 to 122.7, i.e. an increment of 22·7 per cent. The percentage of our cultivated land is about 47. We should have forests of about 33 per cent. We should reduce the cultivated land to 33 per cent. That is the forest policy which we have accepted. But in actual practice, what do we do? We go on increasing production in marginal soil and thereby we harm our agriculture. God should not be blamed for the drought, but we should be blamed because we cut down all the forests. Forests bring in clouds because of the transpiration they do But we destroy the forests like anything. Many civilisations in the past have perished because they have destroyed forests for colonisation and for agricultural land. This is a historical fact. Here is a book published by UNO—*Rape of Earth*—which shows clearly how civilisation in Persia, North China and Mesapotamia perished because they cut down forests. Trees are the emblem of humility. They also give shade, even when we cut them down. But in our vandalism, we cut down the trees. We have created an imbalance in nature. I had toured in Palamau district and Hazaribagh district. You cannot get a drop of water there because there is no forest. Where there is forest, you will find water. Otherwise the river beds are also dry.

15 hrs.

Anyway, Sir, we must remember that in Japan 67 per cent is under forest, in the U.S.S.R., it is 45 per cent and in Europe it is 41 per cent. Ours is the lowest in the world. We have 805 million acres of land in India and of that 138·5 million acres are under forest. That comes to only 17·2 per cent.

India is in the grip of soil erosion. One hon. friend from Punjab was saying how chos and gullies have formed there. In India 200 million acres are under soil erosion. That means one-fourth of our total land is under soil erosion. In the Siwalik foot-hills of Hoshiarpur District in Punjab, forest has been cut down. What happened? Chos and gullies have appeared in that most fertile land due to soil erosion and it just expands in geometrical progression. In 1852, in the Siwalik foot-hills, in Hoshiarpur, Punjab, gullies were 75 square milles It went up to 1700 square miles nearly ten times by 1939, within less than a century. You also know that in Chambal ravines, which are now the bandits home, and also in the Etawah ravines, the Indo-Gangetic plains, about 6 million acres of land can be reclaimed and formed into very good cultivable land. It may be converted into our granary. So, not only here but in all places soil erosion comes in.

Our late Chief Engineer of the Central Water and Power Commission, Shri Man Singh, in his Flood Committee Report has written:

> "If soil and water conservation programme is postponed for one year at least half million acres of good land will be lost for ever."

Now I come to one main thing and that is irrigation. If we go in for intensive cultivation we must go in for irrigation. Irrigation is the first thing necessary and we are losing our irrigation potential like anything. Our outlay in river valley projects including power, irrigation and other things is about Rs. 3000 crores. All these are in danger. What will happen to these in the near future nobody can say. Our experts say that the Bhakra dam where we have spent more than Rs. 200 crores is dying. I have got here an article by Sardar Partap Singh, IFS, Retired Forest Officer I do not want to quote everything It was published in *Statesman* in August 19, 1965 under the heading: "Saving Bhakra Dam from premature death—Forest conservation the only effective method—Bhakra Dam is dying". This is what a just retired manager of Bhakra Dam said on Bhakra Dam at the Simla Flood Control Seminar in 1962. Silting is 67 per cent more than was calculated. So, something must be done about it What is the good of going in for new irrigation when we cannot save our existing projects?

Mr. Deputy-Speaker: He should try to conclude.

Shri H. P. Chatterjee: I have 26 minutes because I am the only speaker for the Progressive Group. If you disturb me it will be difficult for me to continue my speech I would rather sit down. This is my subject. Further, I have not spoken for more than 7 minutes. I have seen the clock.

Mr. Deputy-Speaker: He has taken 14 minutes. If he wants to exhaust the whole time of his Group, I have nothing to say

Shri H. P. Chatterjee: Since there are so many members in the Progressive Group, after calculation 26 minutes have been allotted to us. I am the only speaker for my Group. If I am not given that much time, it is better that I go out from Parliament, it is better for me to resign. When I was an Independent, I had no *locus standi*; I was a second-class Member here. Now, when I join a Group, then also no time is given to me. Then, how can I work? I shall speak for 26 minutes of my time and 4 minutes from you, half an hour in all. Please, do not disturb me. This is a very important subject.

We have spent so much money on these projects and now our Ministers are sleeping over them. I have seen that they have become golf courses. If you come along with me to Tilaya, Mython and to other dams in winter and see the dried up live storages, you will find that they are just lying as golf courses You cannot see any vegetation there on the catchment area What is the good of creating new irrigation dams and all that, when we cannot check silting up of the existing dams because of soil erosion? Our Parliamentarians should know that this is wrong.

On account of the shortage of time, I am not able to refer to soil erosion in detail. Soil erosion is not static; it is dynamic Erosion varies as the square and the transported material as the sixth power of velocity of water flow. Suppose the velocity is increased ten times, then soil erosion would be 100 times and material transported will be increased to the good figure of a million. We have very big engineers, experts on building dams, they do not know these things. Everything is mentioned in this Book and I feel like reading it But I check myself because I have other matters to deal with.

Now in what condition are we? Here we find that velocity is creating havoc Rains fall on the earth and this is like bombardment. Our first line of defence will be these millions of tremulous green leaves of the forests on the catchment area. If the catchment area is denuded of trees, what will happen? The rain will fall

[Shri H. P. Chatterjee]

on the earth directly and it has been established by science that if water on account of rain falls on earth which is bare trickle by trickle within a few years the surface of the earth would vanish, because the vegetables keep the mineral matter in position. The trees are our first line of defence and we are losing them every year This is the position not only in Bhakra; in DVC it is twice that much. I have toured that area with Mr. Gouri, who was the Chief Soil Conservator It is my hobby Out of the 7,200 square miles of catchment area, a major portion I have toured. These portions are denuded of trees which has brought in havoc. Mr. Gouri pointed out that if you just spent Rs 19 crores you will get an income after ten years of Rs. 1½ crores So, this will be a sort of insurance and, at the same time, you will be able to save the dams. But, what is happening now? On the average annually three acre feet silt comes in one sq mile

Now, we have 25 river valley projects and the catchment area is 3 lakh square miles It is not of my working but the figure is supplied by our experts. In June 1964 I was in Srinagar to attend the soil conservation meeting going on there I do not know whether my hon. friend, Shri Shinde, was there or not then Shri Dasappa was presiding over it. I was the only speaker from amongst Members of Parliament because other Members of Parliament did not attend it. I went alone only because it is my subject. What I found there was that our experts were demanding that at least 10 per cent of the catchment area must be afforested within 15 years otherwise our valuable dams, our national monuments, will vanish in no time and we will have no irrigation. They demanded Rs. 363 crores for that. Here I have that literature. It was supplied there in that conference. I have very little time to open it now; I must hurry up. But here they have pointed out that it is very necessary. Our experts, all unanimously, wanted that.

But what happens? Because they are not the masters—it is the Finance Ministry—some people there in the small room sit who think they know everything and they do not grant the money. What will these people do? They have calculated this and this is not a very unreasonable calculation because everywhere in the world, wherever they have prepared dams, they have reserved 10 per cent of that for afforestation.

Even at Bhubaneswar where on 31st December 1960, a conference of all our States Ministers in charge of agriculture was held, which was presided over by the Union Agriculture Minister, it was recommended that 10 per cent of the money on river valley projects should go for soil conservation work. But profession is one thing and practice is another. Nothing is being done What have you granted? In the Third Five-Year Plan you granted only Rs. 11 crores for all the dams and in the Fourth Five Year Plan you have recommended only Rs. 19 crores How can you expect that the thing will go on?

What is happening? I was saying that for one square mile, it has been found by our experts, the average sedimentation is 3 acre-feet. In this 3 lakh square miles catchment area, what will be the sedimentation? You can very well understand that. It will be near about a million acre-feet. If a million acre-feet sedimentation comes in, half of it at least will go to live storage; that is, 5 lakh acre-feet will be reduced of the total live storage. And the reduction of live storage is a serious matter because one acre-foot of water in live storage gives 1½ acre-foot of water for irrigation. That means, we will lose irrigation potential of 7,50,000 acre-feet

Shri R. Barua: What is live storage?

Shri H. P. Chatterjee: Annually it is that much. To create one acre-foot of water in live storage—here is the calculation of our experts—we require Rs. 600; that is, for 5 lakh acre-feet we are losing annually Rs. 30 crores. If you capitalise that, what will happen? You have taken the life of the dams to be hundred years. That means, it will come to Rs. 3000 crores. Therefore no expenditure should be grudged in protecting these water resources. You are not doing it If you lose so much irrigation potential, why do you run after other projects?

Then, we have got the DVC on the lines of the Tennessee Valley Scheme. There in the T.V A was 54 per cent afforestation, even then they thought that if they did not go in for further afforestation, they would be doomed. There the country is hilly just like what you will see if you go to Hazaribagh and Palamau areas. Here the rocks lose all the soil. There is no cover and the ram bombards. You do not have the first line of defence What is the first line of defence? It is these tremulous green leaves. Millions of leaves will hold millions of rain drops and the forest will just bring the humus there underneath, which will retain the water and all mineral matters Here, I am very much tempted to read what the well-known Hydraulic Engineer, Mr. H. G. Morgan, of the T V A says. He says:

> "Dams are good but if we could raise the underground water table of the Tennessee Valley by only 6 inches, that would mean 26 million acre ft of water—four times as the Norris reservoir (biggest in T.V A.) will hold. Nature would do the storing.'

It has been calculated that 100 sq. miles of tropical or sub-tropical forest would absorb approximately 4 million acre ft. of water, a quantity naif the capacity of Bhakra Dam. Bhakra Dam has got a capacity of 8 million acres, from Ruper to Karachi 1000 miles long, 2 miles wide and 6 ft. deep. As regards silt, there is no afforestation on the hills and your Bhakra Dam is silting up. I cannot fail to read this calculation of Sardar Partap Singh:

> "But the object of writing is not to fix an age for Bhakra dam which is not easy of calculation but to warn that it is most likely to be reduced from a possible 600-700 years to a mere 50 or 60 (not 70) which was the true meaning of the cry, 'Bhakra dam is dying" unless we take immediate remedial action . ."

Mr. Deputy-Speaker: The hon. Member's time is up

Shri H. P. Chatterjee: I have yet to speak on many things.

Mr. Deputy-Speaker: You can have 3 minutes more.

Shri H. P. Chatterjee: Give me 5 minutes more

I will not touch many other things. About fertiliser, on an hectare, we use 1|7th of the average world consumption of fertiliser per hectare. This is the lowest in the world. In a sense I do not mind it because if you use more fertiliser in an unscientific way, the land will be spoiled. As Mr. Bennett has said, in the Southern and Western portion of America, they have lost millions of acres of land because of too much use of fertilisers. Our people must be taught the proper use of fertilisers. Don't think our farmers are ignorant. If you go a few miles from Delhi to Haryana, you will find farmers who do not require B.D.Os. to teach them agriculture and all these things. What is happening in our country? There are as many as 130 I.A.S. who come out annually and rule our country; these men think they know everything. Our Prime Minister is guided by the 'Save India

[Shri H. P. Chatterjee]

Club" of 3 I.C.S. men. What do they know? Why not change I.A.S. into Indian Agriculture Service? Let us have technical men; let us link laboratories to fields and let us all go to villages and create proper enthusiasm.

What about price factor? I compare here U.K. and India. For India, a tonne of ammonium sulphate costs Rs. 1752 whereas in U.K. its price is only Rs. 671. In India, single superphosphate is Rs. 1519 per tonne whereas in U.K. it is Rs. 552; sulphate of potassium in India is Rs. 829 per tonne whereas in U.K. it is Rs. 629! muriate of potassium in India is Rs. 619 whereas in U.K it is Rs. 500 Wherever you go, this is the thing that is going on.

The less said about cattle breeding the better I thought of speaking on it because they give us organic manure to the extent of 400 million tonnes of cowdung annually which we burn and which is equivalent to 60 million tonnes of firewood. Why not save this? Without this organic manure, you cannot do anything You have destroyed the forests, and all the humus which can preserve water and mineral matter just like a blotting paper has gone. They can keep the water in storage much more than in Govindsagar

But you have destroyed the forests. When the dams would be choked up, floods will occur hundred fold reminiscent of the times of Noah's Ark. In your vandalism, what are you doing again? You are burning all the cow dung. Why not get for the villages soft coke and electric power for their fuel. Send the electricity there and not to the cities, not for our airconditioning and other things. Send the electricity to the villages. Let us all combine together in this. This is our duty. I belong to no party; I am an independent member, though like all independents, I am a second class Parliamentarian here; according to you I have no worth; till I belong to a party I am happy I could catch your eye. We, independents, represent the whole of India. Let us all combine in this endeavour and carry on this thing. We must put food and agriculture above party and do all that is possible to increase the production.

Regarding the zonal thing, I support Mr. Lobo Prabhu. This zonal restriction must vanish. Let us have the courage of Mr. Kidwai. This zonal thing has become a source of corruption. Let India be one whole. Why should the paddy not go from Bengal or anywhere to Bihar? Bihar does not have the option to buy the food from anywhere nor you will supply them that. You have the bird in the cage and kill it like that; you would not be able to take charge of it in this manner. I do not mind Bengal's paddy going to Bihar or anywhere. As a matter of fact, I found this happen in my district; there is a substitute food; they use grams and other pulses during the ban period but this time they are all exported away to Maharashtra. There should be free trade throughout India. Blackmarket prices should be controlled Also merchants should be controlled, but not like this. Just because the duck is laying golden eggs, you should not open its belly and kill it. Do not kill the merchants. Procurement must be there. There should be procurement from one end to another end of India; every one should have equal chances to buy. The country is one; you should not divide it.

I thank you for having given me the opportunity.

Dr. Maitreyee Basu (Darjeeling): I just want half a minute. I want to ask only one question. I am not trying to make a speech. Just one question. I would like the Food Minister, when he replies, to give a reply to this question. It was suggested by a very important Member on the Congress Benches that agriculture

